- होली के रंगों से त्वचा में सनबर्न हो सकता है और त्वचा टैन हो सकती है। मॉइस्चराइजर के बाद सनस्क्रीन भी लगाएं। नाखूनों को पक्के रंगों से बचाने के लिए इन पर गहरे रंग की नेलपॉलिश लगाएं।
- होली खेलने के दौरान अपनी आंखों की सुरक्षा पर पूरा ध्यान दें। आंखों में रंग न जाए इसके लिए सनग्लासेस पहनें। जिस दौरान कोई रंग लगाए, आंखों को अच्छी तरह से बंद कर लें। यदि आंखों में रंग जाए तो आंखों को तुरंत धोएं।
- होली के दौरान लगातार पानी पीते रहें। इससे त्वचा में नमी बनी रहती है।
- होली के बाद चेहरे की साफ-सफाई के लिए फेशियल कराने से बचें। इससे चेहरे के रोमकूपों में गई ग्रीस, धूल-मिट्टी या रंग की वजह से मुहांसे हो सकते हैं।
- होंठों को रंगों के प्रभाव से बचाने के लिए उन पर पेट्रोलियम जैली की मोटी परत लगाएं। इसके स्थान पर मॉइस्चराइजर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।
- होली के खेलने के तुरंत बाद अपने शरीर पर लगे रंगों को साफ करें। जिस समय गीले हो उसी समय उन्हें धोएं, क्योंकि सूखने के बाद यह त्वचा पर गहरे निशान छोड़ जाते हैं।
- त्वचा को रंगों के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए आटे में तेल डालकर नींबू के छिलकों से त्वचा को साफ करें। नहाने के बाद शरीर पर मॉइस्चराइजर लगाएं। नहाने के पानी में नींबू के रस की कुछ बूंद डालकर त्वचा की साफ-सफाई करें।
- रंग छुड़ाने के दौरान बाल धोने के बाद उनकी कंडीशनिंग करें। यदि बाल रंगों के दुष्प्रभाव से रूखे हो जाते हैं तो उनमें तेल की मालिश करें।
- रंगों के कारण त्वचा ज्यादा संवेदनशील हो जाती है, इसलिए होली के बाद ब्लीचिंग, शेविंग तुरंत न कराएं ताकि हमारी त्वचा को रंगों से हुए नुकसान की रिकवरी के लिए थोड़ा समय मिल सके। घर में ही घरेलू चीजों से बने उबटन लगाएं।
- चेहरे पर लगे रंगों को छुड़ाने के लिए ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करें। चेहरे को हल्के गर्म पानी से धोएं और इस पर अच्छी क्वालिटी का मॉइस्चराइजर लगाएं।
- त्वचा पर लगे रंगों को छुड़ाने के लिए इसे ज्यादा न रगड़ें। इससे रंग तो कम छूटता है लेकिन त्वचा को ज्यादा नुकसान हो सकता है।
- रंगों से होने वाले बालों के नुकसान के लिए अपने बालों को न तो कर्ल कराएं और न ही बालों के लिए कोई नए किस्म का ट्रीटमेंट कराएं। यह हमारे बालों को रूखा और बेजान बना सकता है।
- होली खेलने के बाद अपने शरीर की साफ-सफाई करें और मॉइस्चराइजर के द्वारा त्वचा को होने वाले नुकसान से इसे उबारें।
- होली खेलने के बाद यदि बार-बार शैम्पू करने से बाल रूखे या बेजान हो जाते हैं या फिर रंगों में मौजूद रसायनों के कारण बाल गिरने लगते हैं तो सोने से पहले जैतून और बादाम के तेल से बालों की मालिश करें। इससे बालों की खोयी चमक वापिस मिल सकती है।

होली पर सौंदर्य

साप्ताहिक समय माया

मतदान से गिनती तक 45 दिन जालसाजी के लिए भरपूर समय

पेज 1 का शेष

इस संबंध में गुरुवार 14 मार्च को प्रधानमंत्री आवास पर चयन समिति की बैठक हुई थी, जिसमें प्रधानमंत्री के अलावा गृहमंत्री अमित शाह और लोकसभा में सबसे बड़े दल कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल थे. ये दोनों पद पूर्व चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के रिटायर होने और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे के बाद खाली हुए थे. प्रधानमंत्री आवास में बैठक समाप्त होने के बाद अधीर रंजन चौधरी ने इस चयन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें न तो नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों की प्रोफाइल देखने के लिए पर्याप्त समय दिया गया और न ही शॉर्टलिस्ट किए गए अधिकारियों के नाम उन्हें पहले से बताए गए थे. उन्होंने कहा कि बैठक से ठीक एक दिन पहले 212 उम्मीदवारों की पूरी सूची उन्हें सौंपी गई थी. यानी ये पूरा चयन सिर्फ दो लोगों प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की मर्जी से किया गया है. ध्यान रहे कि ये नियुक्तियां ऐसे समय में हुई हैं, जब चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने हेतु चुनाव आयुक्त नियुक्ति अधिनियम-2023 के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है. चुनाव आयुक्त की नियुक्ति समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाने के खिलाफ यह याचिका दायर की गई है. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स एडीआर की इस याचिका में मांग की गई है कि समिति में मुख्य न्यायाधीश को फिर से शामिल किया जाए.

ज्ञानेश कुमार साल 1988 बैच के केरल कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं. उन्होंने गृहमंत्री और सहकारिता मंत्री दोनों के रूप में अमित शाह के साथ काम किया है. ज्ञानेश कुमार संसदीय मामलों के सचिव के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं. उनकी भूमिका सरकार के कई जरूरी फैसलों में रही है, जो मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल यानी 2019 में लिए हैं. ज्ञानेश कुमार को अनुच्छेद 370 हटाने के दौरान कश्मीर की जिम्मेदारी दी गई थी. उन्होंने गृह मंत्रालय में कश्मीर डेस्क के संयुक्त सचिव के रूप में काम किया था. कुमार की अहम भूमिका अमित शाह के साथ अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने में भी मानी जाती है.

ज्ञानेश कुमार को गृहमंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है. उन्होंने शाह के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय के सचिव के तौर पर भी मई 2022 में काम किया. इस साल जनवरी 2024 में सेवानिवृत्त होने से पहले, कुमार ने मंत्रालय के भीतर तीन सहकारी समितियों को एक साथ रखा था, जो मोदी सरकार की एक प्रमुख परियोजना थी. उनके कार्यकाल के दौरान, सहकारिता मंत्रालय ने बहु-राज्य सहकारी समितियां एमएससीएस संशोधन अधिनियम, 2023 और तीन नए राष्ट्रीय सहकारी निकायों – भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड बीबीएसएसएल, नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड एनसीओएल, और नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट लिमिटेड एनसीईएल को अधिनियमित किया.

उत्तराखंड कैडर के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सुखबीर सिंह संधू 1988 बैच में ज्ञानेश कुमार के ही बैचमेट थे. जुलाई 2021 में मुख्य सचिव का पदभार संभालने के लिए उत्तराखंड वापस भेजे जाने से पहले, संधू भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई के अध्यक्ष थे. उन्होंने अक्टूबर 2019 में एनएचएआई की कमान संभाली थी. वह मानव संसाधन मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग में अतिरिक्त सचिव पद पर भी अपनी सेवा दे चुके हैं.

संधू ने मोदी सरकार की कुछ प्रमुख सड़क परियोजनाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनमें रिकॉर्ड संख्या में राजमार्गों का निर्माण भी शामिल है. संधू के नेतृत्व में एनएचएआई की यह उपलब्धि भाजपा के अभियान का प्रमुख आकर्षण रही है. संधू को उत्तराखंड का मुख्य सचिव उस समय बनाया गया था जब साल 2021 में पुष्कर सिंह धामी यहां मुख्यमंत्री बने थे.

विपक्ष चिंता व्यक्त करता है

लोकसभा में कांग्रेस के नेता और दो चुनाव आयुक्तों को चुनने वाले पैनल में एकमात्र विपक्षी प्रतिनिधि अधीर रंजन चौधरी ने बाद में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली चयन समिति को एक असहमति नोट सौंपा। उन्होंने कहा कि 14 मार्च की बैठक से पहले उन्हें उम्मीदवारों या यहां तक कि शॉर्टलिस्ट पर डोजियर उपलब्ध नहीं कराया गया था। 'मैंने एक असहमति नोट दिया क्योंकि मुझे आधी रात को 212 नाम दिए गए थे, लेकिन बैठक में, मैंने केवल छह नाम देखे। मुझे इन लोगों के बारे में कैसे जानकारी हो सकती है?' उन्होंने मीडिया से कहा. चौधरी ने उल्लेख किया कि आधी रात के आसपास दिल्ली पहुंचने पर उन्हें योग्य नौकरशाहों की एक लंबी सूची सौंपी गई थी।

उन्होंने कहा, ''यह समझा जाता है कि सरकार जिसे चाहे उसे चुन सकती है, लेकिन इसमें भी किसी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया.'' वही हाल नये चुनाव आयुक्त संधू का भी है जिसने और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में5 से 10 गुना की डीपीआर बनवाकर निविदाओं की स्वीकृति में ही मोटा कमीशन खाने से लेकर अधिकांश ठेके मोदी मित्रों को दिलवाने, फिर स्तरहीन काम करवा कर उसे मोटा कमीशन खाने मोटे टोल ठोकने ममोदी शाह के साथ नितिन गडकरी के भी चहेते रहे हैं। फिर चुनाव में आते ही साथ आपने देखामतदान से लेकर गिनती तक में 45 दिन का लंबा समय पुरी की पुरी जालसाजियां करने में समय जो सबसे महत्वपूर्ण होता है। दिया गया है। जबकि चुनाव आयोग स्वीकार करता है। कि उसकी 15 लाख वोटिंग मशीन गायब हैं।

दूसरी तरफमतदान होने के बादमतदान की मशीनों परऊपर से सेल लगाई जाती है जबकिइससे संबंधित जुड़े हुए अधिकारियों ने बतायाऊपर लगी सील से कुछ नहीं होता क्योंकि उसके चार्जिंग पोर्ट और कंप्यूटर या मोबाइल से कनेक्ट करके उसमें आसानी से परिवर्तन किए जाते हैं। यहां तकजिलों में बने हुए स्ट्रांग रूम का सवाल हैतो वहां सामने से ताला लगा रहता है और पीछे अधिकांश मेदरवाजे हैं वहां से घुसकर सारा खेल किया जाता हैऔर प्रकार चुनाव परिणाम को इच्छा अनुसार बदल के सत्ताधीश दल इन हरामखोर भारतीय प्रधान सेवा के अधिकारियों को छल, बल, दल से पिछले 10 सालों से अपनी इच्छा अनुसारपरिणाम प्राप्त कर रहा हैदूसरी तरफजब देश की 80इ जनता वह अन्य राजनीतिक दल नहीं चाहते की मशीनों से चुनाव करवाए जाएं। तो आखिरमशीन बंद क्यों नहीं की जाति और मत पत्रों से चुनाव क्यों नहीं करवाए जाते? बेशक मत पत्रों से भी चुनाव में जालसाजियां लूट भ्रष्टाचार होते हैं। फिर यही भारतीय प्रताड़ना सेवा के अधिकारी जो चुनाव आयोग से लेकरजिला मेसारे चुनाव करवाते हैं। सत्ताधीशों के शाम दाम दंड भेद व व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए लोकतंत्र का गला घोंट हर संभव जालसाजियां को पिछले 10 साल से लगातार अंजाम दे सत्ताधीशों को एक तरफा चुनाव जितवा रहे हैं।

चीन ने धन बल छल से पड़ोसियों को बनाया अपना

पेज 1 का शेष

इस नीति को 'एक्ट ईस्ट' नीति द्वारा भी समर्थन प्राप्त है, जिसके तहत भारत दक्षिण पूर्व एशियाई देशों और शेष एशिया-प्रशांत क्षेत्र के साथ संबंधों में सुधार करना चाहता है।

इसके अतिरिक्त, नई दिल्ली ने क्षेत्र के पांच देशों - बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार, नेपाल और श्रीलंका - को ऋण की सुविधा प्रदान की है और बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से ऊर्जा और कनेक्टिविटी में भी निवेश किया है। इन प्रयासों का समर्थन करने के लिए, अदानी समूह जैसे भारतीय समूह ने 'विदेश में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं' के लिए रियायती ऋणों की सहायता से एशिया में अपनी उपस्थिति काफी बढ़ा दी है। न तो चीन और न ही भारत के अपने प्रभाव क्षेत्र को बढ़ाने के प्रयास चुनौतियों से रहित हैं। चीन के लिए, बीआरआई को उसके 'शिकारी' ऋणों और चीन की सरकार और आर्थिक विकास के सत्तावादी मॉडल को वैध बनाने की कोशिश के लिए महत्वपूर्ण आलोचना का सामना करना पड़ा है।

कुछ लोगों का कहना है कि चीन के पक्ष में व्यापार घाटे का बढ़ना, उधारकर्ताओं की सुरक्षा के लिए मजबूत संस्थागत तंत्र की अनुपस्थिति और चीन के ऋण देने के पैमाने के साथ-साथ, बीआरआई निवेश स्वीकार करने वाले देशों के लिए जोखिम पैदा करता है।

फिर भी अन्य लोगों का तर्क है कि 'ऋण जाल कूटनीति' की आशंकाएं अतिरंजित हैं , यह देखते हुए कि चीनी निवेश को लगभग हमेशा प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ता है, चाहे उसकी शर्तें कुछ भी हों।

भारत की विदेश नीतियां भी जांच के दायरे में आ गई हैं। क्षेत्रीय विवादों और नई दिल्ली की असंगत क्षेत्रीय भागीदारी के साथ-साथ, ऐसी चिंताएँ भी हैं कि भारत दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय आधिपत्य हासिल करने के लिए क्षेत्रीय सहयोग तंत्र को अपना सकता है।

बांग्लादेश और नेपाल सहित दक्षिण एशिया के कुछ हिस्सों में भारत विरोधी भावना ने इन आशंकाओं को और भी बदतर बना दिया है, जहां भारत पर घरेलू राजनीति में हस्तक्षेप करने का विश्वसनीय आरोप लगाया गया है। भूटान जैसे अन्य देशों के लिए, नई दिल्ली के साथ घनिष्ठ संबंधों ने अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों में बाधा उत्पन्न की है।

दक्षिण एशिया में यह चीन-भारत प्रतियोगिता प्रणालीगत चीन-अमेरिका प्रतिस्पर्धा की पृष्ठभूमि में खड़ी है। यह अस्थिर वातावरण छोटे दक्षिण एशियाई देशों को - जो अपने द्विपक्षीय संबंधों में भारत के पक्ष में शक्ति की विषमता के बारे में चिंतित हो सकते हैं - भारत के साथ बेहतर सौदा पाने के लिए चीन से प्रस्तावों का उपयोग करने का अवसर प्रदान करता है, और इसके विपरीत।

हालाँकि, इससे उनके क्षेत्रीय और वैश्विक भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में फंसने का जोखिम है, और हर तरफ से दबाव पड़ सकता है। आखिरकार, जैसा कि नेपाल के उदाहरण से पता चलता है, संतुलन बनाना कठिन है। वर्तमान स्थिति में, दक्षिण एशिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य इस बढ़ती प्रतिद्वंद्विता से तय हो रहा है, और ये छोटी शक्तियां इसे कैसे संचालित करती हैं, इस पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

किसान आत्महत्या

छह साल में 1318 ने की खुदकुशी

मध्य प्रदेश में रोजाना किसी न किसी कारण से किसान सुसाइड कर रहे हैं। पिछले 6 साल में 1318 किसानों ने आत्महत्या की है। इन किसानों की आत्महत्या का सरकारी रिकॉर्ड में बड़ा अजीब तर्क दिया गया है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक किसानों की मौत का कारण विक्षिप्त, नशेड़ी या कलह बताया गया है। वहीं किसानों की आत्महत्या पर किसानों के परिजनों का कहना है कि कर्ज और दोगुना ब्याज इनकी जान ले रहे हैं।

खुदकुशी मामले में कर्ज का जिक्र ही नहीं

मध्य प्रदेश में पिछले कुछ सालों में जितने भी किसानों ने खुदकुशी की, उनमें से एक भी मामले में कर्ज का जिक्र नहीं है। पुलिस जांच बिंदु में कर्ज से मौत का कॉलम ही नहीं है। गरीबी जांच के बिंदु में है, पर इससे एक भी मौत नहीं दिखाई गई। साल 2020 में 235 किसानों ने आत्महत्या की। इसमें 73 का कारण पारिवारिक कलह, 55 की वजह पागलपन, मानसिक बीमारी और तीसरा अहम कारण- नशे की लत बताया गया। एनसीआरबी के मुताबिक, 2017 से 2022 के बीच प्रदेश के 1318 किसानों ने आत्महत्या की।

परिजनों का दावा

वहीं किसान आचड़िया के परिजनों का दावा है कि मूंग, उड़द, सोयाबीन बर्बाद हुई तो तनाव में आकर आत्महत्या कर ली है। किसान आचड़िया की पत्नी कुबई बताती हैं कि 2018 में मूंग, उड़द और सोयाबीन की फसल सही से नहीं पकी। कर्ज के दबाव में वे ही तो पति ने यह कदम उठा लिया। सरकार का कोई भी नुमाइंदा मिलने तक नहीं आया। बेटे इंदर सिंह कीर ने बताया कि पिता दुलीचंद ने 12 जून 2017 को खुदकुशी की थी। उन पर किसान क्रेडिट, बैंक ऑफ इंडिया व साहूकारों का 8 लाख का कर्ज था।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शॉपिंग मॉलस जनता को लूट देश की कर रहे बर्बादी

पेज 8 का शेष

मॉलों में खरीदारी करने से, ग्राहकों की, बेहतर गुणवत्ता वाले ब्रांडेड उत्पादों को खरीदने की इच्छा पूरी हो जाती है, जिससे उन्हें संतुष्टि मिलती है। कुछ किशोर दिखावे के लिए भी मॉलों में जाते हैं। निश्चित रूप से शॉपिंग मॉलों ने भारत में एक नई संस्कृति को जन्म दिया है, जो कि खरीदारी से संबंधित हमारी पारंपरिक संस्कृति से बिल्कुल अलग है।

भारत, आय में वृद्धि होने के कारण बाजार के क्षेत्र में लोगों को कार्य करने के अत्यधिक अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे मध्यम वर्ग के परिवारों की जीवन शैली में काफी सुधार और बदलाव आया है। 2001 में, भारत में सिर्फ तीन मॉल थे। 2007 में, जिनकी संख्या बढ़कर 343 हो गई। मई 2013 में की गई गणना के अनुसार, भारत में कुल 570 मॉल संचालित थे। बंगलौर में स्थित 'असिपक कंसल्टिंग' के आँकड़ों के मुताबिक भारत में, 2008 के मुकाबले, 2013 में मॉलों की संख्या दो गुनी हो गई थी।

मॉल के दो मुख्य प्रारूप हैं: –

मॉल

पारिवारिक मनोरंजन केंद्र

पारिवारिक मनोरंजन केंद्रों में आमतौर पर मनोरंजन अनुभाग, फूड कोर्ट (भोजनालय) और फुटकर बिक्री की दुकानें होती हैं।

भारत में मॉल कितने सफल हैं?

अक्सर यह देखा गया है कि बहुत से मॉल बड़ी उम्मीदों के साथ खोले जाते हैं लेकिन किन्हीं कारणों की वजह से उन्हें बंद करना पड़ जाता है। इन मॉलों में, पाम बीच रोड पर पूर्ण स्टॉप मॉल, नवी मुंबई की मरीन ड्राइव, नवी मुंबई में गोल्ड सिटी मॉल, दिल्ली में स्टार सिटी मॉल और अन्य कई और अधिक नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा कई मॉल ऐसे भी हैं, जहाँ 70 से 80 प्रतिशत जगह खाली पड़ी है। जिसका प्रमुख कारण, मॉल के निर्माण स्थान का गलत चयन है। विशेषज्ञ, किसी भी क्षेत्र में एक मॉल खोलने से पहले, उस क्षेत्र के बारे में संपूर्ण जाँच करने की सलाह देते हैं। किसी मॉल की सफलता वास्तव में उसके स्थान, जनसांख्यिकीय कारकों और स्थानीय आबादी के खर्च की शक्ति पर निर्भर करती है। भारत में कुछ सबसे विशाल मॉल भी हैं: जिनमें फीनिक्स मार्केट सिटी मुंबई (मुंबई, महाराष्ट्र), मेट्रो जंक्शन मॉल (कल्याण, महाराष्ट्र), लुलु इंटरनेशनल शॉपिंग मॉल (कोच्चि, केरल), दि ग्रेट इंडिया प्लेस (नोएडा) और जेड स्क्वायर शॉपिंग मॉल (कानपुर, उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। भारत में बने सभी मॉलों ने उपभोक्ताओं की जीवन शैली को पूरी तरह से बदलने का कार्य किया है तथा फुटकर क्षेत्र को और अधिक संगठित करने में मदद की है।

धार का ऐतिहासिक भोजशाला एक बार फिर से चर्चा में है। हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी की तरह इसके आधुनिक सर्वे के निर्देश दिए हैं। इसके बाद यह साफ होगा कि यह मंदिर या मस्जिद। कोर्ट के फैसले के बाद हिंदू पक्ष के लोगो मे खुशी है। वही, मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है।

ज्ञानवापी की तरह ऐतिहासिक भोजशाला का होगा सर्वे

देवी-देवताओं की मूर्तियां, सनातन परंपराओं की आकृतियां... क्या कहता भोजशाला का इतिहास? हर कोने में है साक्ष्य...

- हिंदू और मुस्लिमों पक्षों की मौजूदगी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण करेगा सर्वे
- हाईकोर्ट के आदेश के बाद भोजशाला परिसर का बदल गया है माहौल
- इतिहासकारों का कहना है कि यहां सनातन संस्कृति से जुड़े साक्ष्य हैं

हाईकोर्ट के फैसले के बाद धार जिले स्थित भोजशाला परिसर में गहमागहमी बढ़ गई है। हिंदू संगठन के लोग वहां जश्न मना रहे हैं। वहीं, दूर-दूर से लोग अब भोजशाला को देखने आने लगे है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद भोजशाला परिसर में पहले की तुलना में वहां गहमागहमी बढ़ गई है।

हिंदू संगठन के लोग हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। भोजशाला परिसर का विवाद 800 साल पुराना है। यहां के खंभों पर हिंदू धर्म से जुड़ी आकृतियां हैं। इसके बाद हिंदू पक्ष कहता है कि राजा भोज द्वारा बनवाया गया है, यह भोजशाला है। वहीं, मुस्लिम पक्ष के लोग इस कमाल मौला मस्जिद बताते हैं। उनका कहना है कि हम 800 साल से यहां नमाज पढ़ रहे हैं। हमें हाईकोर्ट के फैसले पर पूर्ण विश्वास है।

बनारस के ज्ञानवापी में पूजा का अधिकार दिए जाने के बाद हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ट्रस्ट ने हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में अपनी याचिका के बीच अंतरिम आवेदन प्रस्तुत किया था। इसमे धार की भोजशाला मे तथ्य और प्रमाणों के लिए ASI (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) को सर्वे कराने के निर्देश देने बाबत मांग की थी। 11 मार्च 2022 को इसे लेकर फैसला आ गया है। कोर्ट ने अपने आदेश मे स्पष्ट कहा कि ASI के महानिदेशक या अतिरिक्त महानिदेशक के नेतृत्व में ASI के 5 या 5 से ज्यादा अधिकारियों की एक विशेष समिति बनाए। यह भोजशाला की ऐतिहासिकता का वैज्ञानिक और तकनीकी सर्वे करे। सर्वे पर एक डॉक्यूमेंट रिपोर्ट छह हफ्ते के अंदर अदालत को सौंपे।

मई 2022 में लगाई गई थी याचिका

मई 2022 मे हिंदू संगठन (हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस) की तरफ से एक याचिका लगाई गई थी, जिसमे भोजशाला को मंदिर बताए जाने, वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित करने, विधिवत पूजा अर्चना करने और नमाज बंद करने जैसी मांग की गई थी। जिस पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए धार की ऐतिहासिक भोजशाला का ज्ञानवापी की तर्ज पर सर्वे कराने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने सोमवार को इस मुद्दे पर आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ASI) को पांच विशेषज्ञों की टीम बनाने को कहा है। इस टीम को छह सप्ताह मे रिपोर्ट हाई कोर्ट को सौंपनी होगी। हिन्दू फ्रंट का मानना है कि ASI सर्वेक्षण के दौरान खुदाई में कई मूर्तियां, चिह्न और संकेत ऐसे पाए जाएंगे, जिससे यह साफ हो सकेगा कि यह मस्जिद नही बल्कि पूर्णतः मंदिर ही था। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के संयोजक आशीष गोयल ने कहा कि लंबी मेहनत के बाद हमे सफलता मिली है। कोर्ट में हमने सारे साक्ष्य दिए हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सारे पक्षो को नोटिस जारी किया था। सारी पार्टियों ने धीरे-धीरे जवाब दिया था। पांच फरवरी 2024 मे हमने एक याचिका लगाई थी कि कोर्ट भोजशाला परिसर की एक साइंटिफिक सर्वे कराए। कोर्ट ने सबकी सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

हमें पूर्ण पूजा का अधिकार मिले

याचिकाकर्ताओं ने कहा कि वाग्देवी की मूर्ति ब्रिटिश संग्रहालय में है। इसे लाकर यहां फिर से स्थापित किया जाए। साथ ही अवैध रूप से हो रहे नमाज को बंद किया जाए। कोर्ट ने सर्वे के दौरान फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए हैं। हमारी मांग है कि हमे 24 घंटे 365 दिन यहां पूजा की अनुमति दी जाए। सर्वे 50 मीटर की परिधि में होगी। इसमे तमाम आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाएगा।

कोर्ट में साक्ष्य क्या पेश किए

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के संयोजक आशीष गोयल ने कहा कि कोर्ट में हमने साक्ष्य के रूप में 23 देवी-देवताओं के चित्र प्रस्तुत किए हैं। कई प्रमाणिक कागजात थे। वे सत्य पर आधारित थे इसलिए माननीय न्यायालय ने हमें मौका दिया है। यह मां सरस्वती का सदन है। इसे राजा भोज ने स्थापित किया है। इस परिसर में हिंदू-देवी देवताओं के प्रतीक चिह्न हैं। हम कानून और संविधान के दायरे में रहकर अधिकार लेंगे। मुगलों ने हमारे सारे धार्मिक स्थलों पर अतिक्रमण किया है। इतिहासकार डॉ दीपेंद्र शर्मा ने कहा कि राजा भोज ने 1034 में इसकी स्थापना की थी। यह इमारत अपने आप में खास है, देश के अलग-अलग कोनो से विद्वानो ने आकर यहां ज्ञान का सृजन किया है। यहां अलग तरह की संस्कृति साक्षरता थी। यहां से पूरे देश और दुनिया को सुशासन के सूत्र दिए गए हैं। भोजशाला में विद्वान और साहित्यकार आते थे। अब न्यायालय इसमें न्याय का काम कर रहा है। यह इमारत अपने इतिहास को लेकर खुद ही साक्षी है। सुनने की मोहलत मिलेगी तो आवाज इन पत्थरों में है।

कोर्ट ने क्या दिए हैं आदेश

एमपी हाईकोर्ट ने भोजशाला मंदिर और कमाल मौला मस्जिद का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से पांच सदस्यीय पैनल सर्वेक्षण करेगा। रिपोर्ट छह हफ्ते में आने की उम्मीद है। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने जांच में जीपीआर/जीपीएस सर्वेक्षण, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और कार्बन डेटिंग पद्धति को शामिल करने कहा है। अदालत ने कहा कि परिसर की रहस्यमयी आकृति, रूप और चरित्र के कारण जांच आवश्यक है। इसके अलावा, अदालत ने इस प्रक्रिया में शामिल दोनों विवादित समुदायों के प्रतिनिधियों के होने के महत्व पर जोर दिया।

सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

धार शहर की मस्जिद के मुख्य मौलवी वकार सादिक ने घोषणा की कि मस्जिद प्रबंधन सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में जारी आदेश को चुनौती देने की योजना बना रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित 11वीं सदी का स्मारक भोजशाला हिंदुओं और मुसलमानों दोनों के लिए धार्मिक महत्व रखता है।

हिंदू इसे देवी सरस्वती को समर्पित मंदिर मानते हैं, जबकि मुसलमान इसे कमाल मौला मस्जिद कहते हैं। एएसआई के आदेश के अनुसार, अप्रैल 2003 से हिंदू मंगलवार को पूजा कर रहे हैं और मुसलमान शुक्रवार को नमाज अदा कर रहे हैं।

मंदिर या दरगाह

वहीं, अदालत ने स्मारक अधिनियम, 1958 की धारा 16 पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसका उद्देश्य पूजा स्थलों को दुरुपयोग, प्रदूषण और अपवित्रता से बचाना है। कोर्ट ने इस धारा के तहत इसके प्राथमिक उद्देश्य को समझाने के लिए पूजा स्थल के चरित्र को निर्धारित करने के महत्व पर जोर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक पूजा स्थल का चरित्र या प्रकृति निर्धारित नहीं हो जाती, तब तक मंदिर का उद्देश्य रहस्य में डूबा रहता है। कोर्ट का निर्णय इन पवित्र स्थलों के उद्देश्य के बारे में स्थिति स्पष्ट करेगी। कोर्ट ने माना है कि स्मारक की प्रकृति और चरित्र को समझने और स्पष्ट करने की आवश्यकता है।

पिछले 10 सालों में 3 करोड़ उद्योग धंधे बंद और 30 करोड़ लोग बेरोजगार

बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शॉपिंग मॉलस जनता को लूट देश की कर रहे बर्बादी

भारत में मोदी के सत्ता में आने के बाद मोटा चंदा डकार देशी विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के व्यापार को फलने फूलने के लिए कानून ठोकने के साथ अनेकों प्रकार के षड्यंत्र जिसमें सफाई कैशलेस नोटबंदी जीएसटी तालाबंदी स्मार्ट सिटी विकास का तांडव किया गया सब का उद्देश्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों को उनसे प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष मोटा धन लेकर देश के तीन करोड़ से ज्यादाव्यवसायों उद्योगों धंधों को चौपट करलगभग 30 करोड़ बनाया गया बदले में ज्यादा हो हल्ला नहीं मचे रु.1 किलो का गेहूं रु.2 किलो का चावल को अगले 5 वर्षों तक 100 करोड़ लोगों को बांटने की गारंटी की घोषणा कर दी गई। परिणाम स्वरूप हमारा देशभुखमरी में 116 नंबर परबेरोजगारी में 129 मेंऔरप्रति व्यक्ति आय में 34वें क्रम से 143वें क्रम में पहुंच गया। यह है पिछले 10 वर्षों की मोदी सरकार की उपलब्धियां जहां हम छोटे गरीब देशों बांग्लादेश श्रीलंका पाकिस्तान वियतनाम म्यांमार वर्मा की अपेक्षा पिछड़े हुए हैं।

बढ़ते मॉल कल्चर से खतरे में पुराने बाजार

वर्तमान समय में, भारत के फुटकर क्षेत्र (छोटे बाजार आदि) जैसे 'हाट' और 'साप्ताहिक बाज़ार' परिवर्तित होकर अत्यधिक आलीशान, कृत्रिम और सजीले शॉपिंग मॉलों के रूप में विकसित हो रहे हैं। कुछ साल पहले तक हमारी माँ घर के सामान-सौदे की खरीददारी के लिए 'किराने की दुकानों' पर जाया करती थी, लेकिन वर्तमान समय में 'किराने की दुकानों' का स्थान 'मॉलों' ने ले लिया है। इन परिवर्तनों के बावजूद, कुछ 'किराने की दुकानें', अभी भी छोटे कस्बों, शहरों और यहाँ तक कि महानगरों और बड़े शहरों में देखी जा सकती हैं, जो कई परिवारों की दैनिक जरूरतों को पूरा करती हैं। हालांकि, परिवर्तन गतिशीलता से हो रहा है लेकिन निश्चित रूप से फुटकर स्टोर और मॉल, फुटकर उद्योगों को असंगठित से संगठित करने में निरन्तर अपना योगदान दे रहे हैं। अभी भी भारत में, कुल फुटकर क्षेत्र का मात्र 5इ, एक फुटकर क्षेत्र को संगठित बनाये रखने में सहायक है।

मॉल ने खरीदारी के अनुभव को बदल दिया

मॉल केवल एक शॉपिंग का स्थान ही नहीं है, बल्कि एक ऐसी जगह है जिसने समाज में समूहीकरण और मनोरंजन को फिर से जीवित करने का कार्य किया है। बड़े-बड़े शॉपिंग मॉलों में आप एक ही छत के नीचे सब कुछ खरीद सकते हैं, चाहे वो ब्रांडेड कपड़े हो, किराने से संबंधित सामान हो, इलेक्ट्रानिक्स का सामान हो या जूते ही हों। बिना किसी संदेह के, हम यह कह सकते हैं कि मॉलों ने भारतीयों की खरीददारी के अनुभव को पूरी तरह से बदल दिया है। सूरज की तेज गर्मी में खरीददारी करने के स्थान पर अब लोग मॉलों के अन्दर एसी में रहकर शॉपिंग करना अधिक पसन्द करते हैं। युवा इन्हें एक प्रतिष्ठा के प्रतीक के रूप में देखते हैं।

(शेष पेज 6 पर)

चुनावी महोत्सव, अधिकारियों की करोड़ों की कमाई के साधन

लोक निर्माण, निगम पालिकायें, सब कमाएंगे व्यवस्था के नाम करोड़ों

पिछले चुनाव में इंदौर में ही 40 से ज्यादा विशेष मतदान केंद्रों पर इंदौर नगर निगम ने हजारों का काम कर प्रति मतदान केंद्र 25 से 40 लाख रुपए तक मतदान केंद्रों की विशेष सजावट के नाम पर हजम कर लिए थे वैसे सभी 2200 से ज्यादा मतदान केंद्रों पर बिजली पानी कैमरे आपकी व्यवस्था करने के नामपर लाखों रुपए के बिल बनाकर लोक निर्माण विभाग के न केवल इंदौर में भवन एवं पथ के संभाग क्रमांक 1 की कार्यपालन यंत्री मनोज सक्सेना और 2 के कार्य सोनी के साथ विद्युत यांत्रिकीय संभाग के घर भ्रष्ट और मूढ़ बी के जैन भी जो 8 जिलों के सभी शासकीय विभागों की विद्युत यांत्रिकीय की व्यवस्थाओं को संभालता है।

इंदौर संभाग के ही आठ जिलों के लगभग 15000 से ज्यादा मतदान केंद्रों पर विद्युत प्रकाश पंखे और कैमरे की व्यवस्थाओं के हरामखोरों ने करोड़ों रुपए हजम कर लिए पर दिखावटी काम चलाओ पंखा बिजली की व्यवस्था शुरू की गई परंतु कैमरे जो कि हर मतदान केंद्र पर होने वाली जालसाजी फर्जी वोटिंग की निगरानी करने के लिए चुनाव आयोग के आदेश पर जिले के कलेक्टरों को हर मतदान केंद्र आवंटित धन से करनी चाहिए थी और उसका रिकॉर्ड सुरक्षित करना चाहिए था।

जिसकी जानबूझकर कोई व्यवस्था नहीं की गई। ताकि सत्ताधीशों के द्वारा किए जा रहे फर्जी वोटिंग, मशीन बदलने वोटिंग में आए वोटरो के फोटो के रिकॉर्ड रखने आदि के षड्यंत्रो का कोई रिकॉर्ड ही नहीं रहे के लिए जानबूझकर केंद्रों कीव्यवस्था को कागजों पर दिखाकर पैसा हजम करने के साथ कोई व्यवस्था नहीं की जाती।

यही हॉट परिवहन विभाग का है वह भी सभी शासकीय कार्यक्रमों में 50 से 80% तक की वाहनों को मतदान टीम को लाने ले जाने के लिए संलग्न करने भुगतान करने के बिलों को न केवल चुनावी कार्यक्रम में बल्कि सभी शासकीय कार्यक्रमों में भी लगाकर न केवल इंदौर में बरन पूरे प्रदेश व देश में हर वर्ष अरबों रुपए हजम कर जाता है जिसमें जनसंपर्क अधिकारी कलेक्टर निर्वाचन अधिकारी जिला प्रोटोकॉल अधिकारी को शामिल होते हैं हिस्सा बांट दिया जाता है। इसी कारण निर्वाचन शाखा लोक निर्माण विभाग नगर निगम पालिकाओं क्षेत्रीय व जिला परिवहन, जनसंपर्क अधिकारी सारे जालसाज हरामखोर सूचना के अधिकार में ना तो आदेशों आवंटन बिलों उसके भुगतान की जानकारियों को अपनी विभागीय वेबसाइटों पर उपलब्ध कराते हैं और ना ही यह डकैतों का गिरोह सूचना के अधिकार में जानकारी देता है।

यहां तक की बीएलओ व चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों कर्मचारियों के वोटर आईडी कार्ड जांचने बांटने संशोधित करने आदि के कार्यों से लेकर मतदान गिनती के के दिन तक का जो भत्ता आदि मिलता है उसका भुगतान भी निर्वाचन शाखा का एडीएम एसडीएम से लेकर कलेक्टर तक महीनो बाद आधा अधूरा बांटना या पूरा हजम कर जाने का षड्यंत्र भी वर्षों से चल रहा है।

वैसे देश के पांच राज्यों में नवंबर में जो चुनाव हुए थे उसके अंतर्गत सभी मतदान के दो पर मतदाताओं को मतदान केंद्र पर सुविधाजनक तरीके से मतदान करवाने के लिए, छाया के लिए टेंट, ऊंचाई पर होने के कारण दिव्यांगों के लिए रैंप, पेयजल के लिए निकट स्रोत से जल की व्यवस्था, विद्युत प्रकाश, पंखे, आदि के लिए प्रति मतदान केंद्र 5 लाख ऑस्टिनेशन आवंटित किया जाता है जो आवश्यकता के अनुसार बनाया घटाया जा सकता है और फिर आपने पिछले चुनावों में अकेले इंदौर के ही 40 मतदान केंद्र पर विशेष आकर्षक सात सज्जा सजावट की गई थी जिस पर सूत्रों के अनुसार 40 लाख रु. तक खर्च किया गया जो प्रदेश में लगभग ऐसे 5000 मतदान केंद्रों बनाए गए थे। जिनका 90% धन कागजों पर संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर निगम पालिकाओं के आयुक्तों मुख्य कार्यपालन अधिकारियों कोषालय अधिकारियों ने मिलकर फर्जी कागजी बिल दिखाकर हजम कर लिया जो लगभग दो अरब रुपए के आसपास होता है।

यही कारण है कि यह हरामखोर शासकीय कार्यों और धन के वास्तविक व उचित उपयोग के संबंध में 19 वर्ष पहले पारदर्शिता के लिए लगाया गया सूचना अधिकार अधिनियम 5 की धारा कर के अंतर्गत सारी जानकारियां और राजधानी स्थित मुख्यालयों से लेकर जिलों के मुख्यालयों तक कोई भी आवंटन आदेश उपयोगिता के संबंध में उसके निविदाओं, कार्यादेश, संपन्न कार्य माल आपूर्ति के साक्ष्य स्वरूप वास्तविक फोटो वीडियो बिल और भुगतान की जानकारियां तकन केवल अपलोड नहीं करतेवरण सूचना के अधिकार में जानकारी मांगने वाले आवेदकों को जानकारी का पत्र देने पर प्रसारित करने उल्टी सीधी जानकारी देने न मिलने पर अपील लगाने पर उसके अपील करता अधिकारी अपने निर्णय में जानकारी देने की वास्तविक आदेश करने की अपेक्षा उल्टा सीधा आदेश देना कानून का मजाक उड़ाने का कार्य करते हैं।

ताकि इन हरामखोर जलसाज भारतीय प्रताड़ना सेवा के अधिकारियों से लेकर जिलों के निर्वाचन, जनसंपर्क, परिवहन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय अधिकारी व अन्यसभी चुनावी महोत्सव के भ्रष्टाचार सेवसूली धन के हिस्सेदार होते हैं।

बेशक उसका पैसा प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त मुख्य सचिव से मुख्यमंत्री तक पहुंचता है और उसका कुछ हिस्सा देश के मुख्य चुनाव आयुक्त तक भी पहुंचता है इसलिए कोई भी किसी भी भ्रष्टाचार जालसाजी फर्जी मतदान, के दो पर कैमरे न लगाने व अन्य प्रकार के षड्यंत्रों में फर्जीवाड़े में सब चुप रहते हैं क्योंकि सबने हिस्सा खाया होता है।

जहां तक देश की समाचार पत्रों और मीडिया के मीडिया कर्मियों का सवाल है तो अधिकांश बड़े समूह को भी यथा योग्य धन जनसंपर्क अधिकारी से लेकर जिलों के कलेक्टर संभागों की आयुक्त निगम आयुक्त परिषदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तक यथायोग्यदान दक्षिणा समर्पित करने के कारण बेचारे सारे मीडिया कर्मी पत्रकार एंकर मुंह में दही जमा चुप बैठे रहते हैं किसी भी जालसाजी षड्यंत्र भ्रष्टाचार लूट आदि में 99% मामलों मेंकभी कुछ बोलते नहीं जानकारी मांगते नहीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक- अजमेरा एस.पी. कुमार द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 299, अम्बेडकर नगर, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादकः अजमेरा एस.पी. कुमार, मो. 9425125569, भोपाल प्रतिनिधि- एस.के. भारद्वाज मो. 9425637958